## परासिया में आयोजित की गई सरपंच संघ की बैठक, ग्राम पंचायतों के सरपंच रहे मौजूद

# बैठक में सरपंचों ने बताई अपनी-अपनी समस्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

सरपंच संघ की बैठक जनपद सभाकक्ष मे आयोजित की गयी जिसमे सरपंचो ने अपनी समस्याएं बताई और कई प्रस्ताव पारित किये। सरपंच संघ अध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव, सचिव मोहन कहार ने बताया कि संघ के सदस्यता शुल्क पर चर्चा की गयी। ग्राम पंचायतो मे निर्माण कार्यो के मूल्यांकन मे आ रही परेशानियो को देखते हुये आरईएस के एसडीओ तथा संबंधित उपयंत्री से चर्चा कर निराकरण कराया जायेगा। पिछले दो वर्षो मे जनपद स्तर के अधिकारियो के साथ सरपंचो की एक भी बैठक नही होने पर निर्णय लिया गया कि सरपंच संघ खंड स्तरीय अधिकारियो के साथ संयुक्त बैठक के लिये प्रयास करेगा। कई सरपंचो ने सुझाव दिया कि विभिन्न शासकीय कार्यक्रमो के लिये जनपद पंचायत से दिशा निर्देश जारी किये जाते है लेकिन उसमे जन सहयोग से कार्यक्रम संपादित करने के लिये कहा जाता है जो कार्यक्रम के स्वरूप को देखते हुये संभव नही होता है इसमे राशी व्यय करने तथा प्रतिपूर्ति के लिये स्पष्ट रूप से मद का उल्लेख करने की बात कही गयी। सरपंच संघ के आगामी कार्यक्रमो को लेकर सेक्टर वाइज सरपंचो को जिम्मेदारी दी गयी। जनपद स्तर पर समस्याओ का निराकरण नही होने पर जिला स्तर पर ज्ञापन सौपने का निर्णय लिया गया। बैठक मे प्रमुख रूप से सरपंच कुशना मर्सकोले धमनिया, मोहन कहार बरारिया, संतोष कवरेती ढाला, विपिन श्रीवास्तव भमोडी, रिंकु डेहरिया मायावाडी, शक्ति भलावी छिंदा, साधना दास इकलेहरा, उषा परतेती पगारा, सावित्री पवार रिधोरा, जयंवती कुमरे भाजीपानी, अखिलेश ककोडिया बेलगांव, बालकराम परानी दमुआ, सीमा परानी पिंडरई, लक्ष्मी भलावी मोठार, लक्ष्मण धुर्वे चारगांव, शीलकुमारी चंद्रवंशी परसोली सहित सरपंचगण उपस्थित रहे।

### दमुआ साप्ताहिक बाजार हाट के दिन गाडी सडक पर खडी रहने से लग जाता है जाम

**दमुआ।** दमुआ नगर शहर के साप्ताहिक बाजार रविवार के दिन लगता है जहां बाजार करने के लिए दूर अंचल क्षेत्र से ग्रामीणजन सहित सभी शहर नगर के नागरिग लोग भी दमुआ आते है। जिससे भीड अधिक हो जाती है मार्केट की दुकानो में खरीदारी करने वालो की भीड कुछ अधिक मची रहती है कई बार शहर की व्यवस्था भी भंग हो जाती है दूर दराज क्षेत्रो से आने वाले लोग रविवार बाजार करने के लिए दमुआ आते है तो लोग अपने टू-व्हीलर फोर व्हीलर वाहन भी जरूर साथ में लेकर आते है वाहनो पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था सही ना रहने के कारण लोग अपना वाहन जहां समझा में आता है वहां खडा कर देते है जिससे आसपास की सडकों पर भी वाहनो का ढेर लग जाता है और होता यह है कि आने जाने वाले लोगो को सडको पर चलने काफी परेशानी होती है मुख्य मार्केट की सडक पर वाहनो का ढेर लग जाता है। खास बात तो यह है कि जिसको जहां समझा मे आता है वही वाहन खडा कर देते है मनमाने तरीके से कई बार ऐसी स्थिति बन जाती है कि वहान खडा करने के लिए जगह नही होती है और गाडी खडी करने को लेकर विवाद की स्थिति पैदा हो जाती है दमुआ नगर के मुख्य स्थानो जैसे दमुआ पुराना बस स्टेण्ड, दमुआ बेरियर क्षेत्र, प्रीतपुल क्षेत्र, दमुआ नं. 8 क्षेत्र, इंदिरा चैक सहित दमुआ बाजारा रोड सडक मार्ग मुख्य मार्केट सडक और दमुआ बाजार रोड मोक्षधाम रोड दमुआ की मुख्य सडको पर वाहनो का ढेर लग जाता है इधर उधर अव्यवस्थित तरीके से वाहन खडा करने के कारण आमजन यवुओ बच्चो, महिला पुरूषो, वृद्धिजनो, माताऐं बहनो आदि समस्त जनों को भारी परेशानी दिक्कत होती है नगर पालिका प्रशासन, एवं पुलिस प्रशासन दमुआ को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

## पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ हो रहे असभ्य व्यवहार के विरोध में सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली, कुचबिहार और उत्तर दिनाजपुर (चोपरा) में हुई घटना से अत्यंत व्यथित होकर यह ज्ञापन दिया गया. पश्चिम बंगाल में दिन - प्रतिदिन महिलाओं की बिगड़ती हुई स्थिति गंभीर चिंता का विषय है। कानून और व्यवस्था केवल शब्दकोष तक सिमटकर रह गए हो ऐसा प्रतीत होने लगा है। संदेशखाली, कूचबिहार और उत्तर दिनाजपुर (चोपरा) की घटना सभ्य समाज का मस्तक लज्जा से झुका देनेवाली है। निरीह, निरपराध नागरिकों का और विशेषतः महिलाओं का शोषण और दर्दनाक उत्पीड़न सर्वथा निंदनीय है। भारतीय संविधान की धज्जियां उड़ानेवाली ये घटनाएं तालिबानी शासन का स्मरण कराती है। एक महिला मुख्यमंत्री के होते हुए भी महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय, अत्याचार और अपमान से सभी महिलाएं अत्यंत व्यथित है सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए। साथ ही सरकार से अनुरोध किया कि पीड़ित महिलाओं के शारीरिक और मानसिक उपचार और उनके पुनर्वसन की प्रभावी व्यवस्था की जाए। इस पूरे मामले की कठोर निंदा करते है ज्ञापन देते समय नारी सुरक्षा मंच की अध्यक्ष पल्लवी मोहबे, ममता नामदेव, अर्पिता शुक्ला व अन्य मातृशक्ति उपस्थित रही।

## ओवरब्रिज निर्माण से मार्ग दलदल में तब्दील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर में ओवर ब्रिज का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। वहीं बरसात के दौरान निर्माण कार्य के समीप आवागमन मार्ग हल्की बरसात में दुर्घटनाग्रस्त बन गया है। इस मार्ग पर चिकनी मिट्टी होने के कारण अत्यधिक कीचड़ हो गया है। जिसमें दुर्घटनाओं की प्रबल संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। नगर प्रवेश के लिए यह प्रमुख मार्ग है ।जहां ठेकेदार द्वारा उचित व्यवस्था एप्रोच मार्ग की नहीं की जा रही है। जिसके कारण नगरवासियो सहित अन्य वाहन चालकों को भी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे गेट के समीप निर्माण हो रहे ओवर ब्रिज और पुलिया जिसके कारण कीचड़ दलदल में परिवर्तित हो गया है।हल्की बारिश में रोड गारे में तब्दील हो गया है ।जिससे विद्यार्थी सहित राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।स्थानीय जनता द्वारा मांग की गई है कि ठेकेदार द्वारा यहां पर उचित व्यवस्था बनाई जाए।जिससे के लोगों को सहूलियत से आवागमन करने में सुविधा मिल सके ।हल्की बारिश होने की वजह से ही रोड कीचड़ दलदल में तब्दील हो जाती है ।जिससे लोग परेशानियों से आवागमन कर रहे हैं । वाहन चालक स्लिप हो रहे हैं।

### मुख्यमंत्री एवं डीएसपी को सौंपा ज्ञापन

**जुन्नारदेव :** मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन डी.एस.पी.को सौंपा गया है। जिसमें दादा को धोका देकर जमीन की बिक्री कर रजिस्ट्री करने का मामला प्रकाश में आया। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि श्रीमति विमला पति धनराज यदुवंशी कमलेष पिता सूरजलाल यदुवंशी दीपक चंद्रवशी पटवारी के द्वारा अवैध रूप से जमीन की बिक्री करवाकर रजिस्ट्री कराई गई है जिसकी उचित की मांग की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम किया राजाढाना तहसील जुन्नारदेव जिला में स्थित भूमि खसरा 324,329,314 ओर 322 कुल रकबा 12 एकड था। जो सुन्दरलाल, पिता दल्ली के नाम से थी। (कमलेश यदुवंषी पिता सुरजलाल यदुवषी जो सुन्दरलाल का नाती है ।जिसने पटवारी दीपक चन्द्रवषी के साथ मिलकर साठ-गांठ कर के यह जमीन को गलत तरीके से एवं दादा को झुठ बोलकर बिकी करवा दी।

## भाजपा मंडल बिछुआ ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुवात की



**बिछुआ।** भाजपा संगठन के निर्देशानुसार शुक्रवार को भाजपा मंडल बिछुआ द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान का शुभारंभ किया गया,इस दौरान मंडल पदाधिकारीओ द्वारा बिछुआ नगर में पौधारोपण किया गया,उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत(गोलु)नागरे,अभियान के मंडल प्रभारी विजेंद्र सिंह दीक्षित,पार्षद बबलू आरगुड़े,दीपक चोपड़े,रजत वानखेड़े,प्रहलाद साहू,भूरा चोपड़े,भोजेलाल वर्मा,बलदेव बोबड़े,रामकुमार साहू,मुकेश चौरसिया सहित कार्यकर्ता बंधु मौजूद रहे।

## उमरेठवासियों ने सड़क निर्माण को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

आज ग्रामपंचायत उमरेठ के वार्ड नंबर 16, भीड़ढाना वासियों ने बस्ती से मुख्य मार्ग तक सीमेंट कांक्रेट सडक निर्माण कराये जाने कि मांग को लेकर तहसील कार्यालय उमरेठ पहुंचकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत परासिया के नामे तहसीलदार उमरेठ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि ग्रामपंचायत उमरेठ के वार्ड नंबर 16, भीड़ढाना बहुत पुरानी बस्ती हैं जहां सिर्फ आदिवासी मजदूर निवास करते हैं। यह बस्ती ग्रामपंचायत की योजनाओं और सुविधाओं जैसे सडक, स्ट्रीट लाईट, पेयजल से वंचित रहती हैं। यहां के निवासियों को दूसरा वैकल्पिक मार्ग ना होने से बरसात के दिनों में दलदल कीचड़ युक्त मार्ग होने से आवागमन को लेकर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। बरसात के दिनों में जहां वार्डवासियों का मुख्य बस्ती से रिश्ता टूट जाता है, वहीं स्कूली छात्र छात्राएं स्कूल नहीं पहुँच पाने से शिक्षा से वंचित हो जाते हैं। वार्डवासियों द्वारा ग्रामपंचायत से विगत 30 वर्षों से बस्ती से मुख्य मार्ग तक सीमेंट कांक्रेट से पक्की सडक निर्माण करने की मांग की जा रही हैं परन्तु ग्रामपंचायत द्वारा उक्त मार्ग पर केवल मिट्टी-मुरम डाल डी जाती हैं जिससे और दलदल बनकर कीचड़ बन जाता हैं। और आवागामान बाधित हो जाता है। ज्ञापन सौपने वालों में मुख रूप से भीड़ढाना के राजाराम धुर्वे, मनोज सकोम, रामू राजबेठे, अतरलाल कुमरे, मनोज इवनाती, रमेश राजबेठे, राकेश उइके, राजू धुर्वे, राकेश धुर्वे, ईश्वर शीलू, सजनलाल वॉडीवा, रामचरण उइके उपस्थित रहे।

### पूनम अग्रवाल का दुःखद निधन

**लांजी।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी बंसल ट्रेडर्स के संचालक दीपक रमेश चंद अग्रवाल के चाचा पाथरगांव निवासी किराना व्यापारी पूनमचंद अग्रवाल का 2 जुलाई की रात्रि में दुखद निधन हो गया। वे एक सफल व्यवसायी होने के साथ ही मिलनसार और हंसमुख इंसान थे। श्री अग्रवाल के निधन से परिजनों और स्नेहीजनों में शोक का माहौल है। उनकी अंतिम यात्रा आज 5 जुलाई को दोपहर 02 बजे बालाघाट रोड स्थित उनके निवास स्थान से कोटेश्वर धाम के लिए निकली जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोगों ने हिस्सा लेकर अपनी भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की और नम आँखों से उन्हें अंतिम बिदाई दी और ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उनके परिजनों को यह असीम दुःख सहने की शक्ति देने और उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की।



## अभिभावकों से लूट: प्राइवेट स्कूल बेच रहे फर्जी आईएसबीएन नंबर की पाठ्य-पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

विकासखंड कटंगी शहरी और गांव-देहातों में संचालित होने वाले निजी विद्यालयों में फर्जी और डुप्लीकेट आईएसबीएन पाठ्य-पुस्तकों को अपने स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल कर औने-पौने दामों में बेचकर इन दिनों अभिभावकों से जमकर लूट की जा रही है. अभिभावकगण भी अपने बच्चों के भविष्य की आड़ लेकर अपने साथ हो रही इस खुली लूट का विरोध भी नहीं कर पा रहे है. जिसके चलते प्राइवेट स्कूल संचालकों के हौसले बुलंद है. कटंगी विकासखंड के 09 फीसदी प्राइवेट स्कूलों में मध्य प्रदेश निजी विद्यालय फीस और संबंधित विषयों का विनियमन, नियम और शासन के निर्देशों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है. नाम ना प्रकाशित करने की शर्त पर कई अभिभावकों ने प्राइवेट स्कूलों की लूट को साझा किया है. जिन्होंने बताया कि प्राइवेट स्कूल किस तरह से पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी, पठन सामग्री, बैज, यूनिफार्म, स्पोर्ट्स किट, ट्रांसपोर्ट सुविधा फीस आदि के नाम पर मोटी फीस वसूल रहे है. वहीं हमने जब अभिभावकों की शिकायत पर राष्ट्रीय एंजेसी राजा राममोहन राय की अधिकारिक वेबसाइट में कई पुस्तकों के आईएसबीएन नंबरों को सर्च किया तो यह नंबर पंजीकृत नहीं पाए गए।

**आउट ऑफ सिलेबस की पुस्तकें:** प्राइवेट स्कूल संचालकों ने शिक्षा को व्यवसाय बना लिया है. इन स्कूलों में शिक्षा के नाम पर अभिभावकों की जेब जमकर ढीली की जा रही है. एक तरफ सरकारी स्कूलों में जहां गरीब का बच्चा बेहतर शिक्षा को तरस रहा है. वहीं दूसरी तरफ प्राइवेट स्कूलों में मध्यम वर्गीय तबका फीस के नाम अपनी मोटी कमाई को लूटा रहा है. प्राइवेट स्कूल सरकार के तय मापदंडों की अनदेखी कर आउट ऑफ सिलेबस पुस्तकें जोड़ रहे है. जबकि इन सिलेबस को पढ़ाने वाले शिक्षक तक उनके पास मौजूद नहीं है. आउट ऑफ सिलेबस की यह पुस्तकें अनाप-शनाप दामों में बेची जा रही है. जबकि इन पुस्तकों को वास्तविकता में कोई औचित्य ही नहीं होता है. बालाघाट जिले में जब से कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए है. प्राइवेट स्कूल संचालक कुछ सहमे हुए तो है लेकिन अधिकांश प्राइवेट स्कूलों में किसी भी प्रकार का कोई डर नहीं दिख रहा है. उनकी मनमानी चरम पर है. कटंगी विकासखंड की बात करें तो यहां पर कलेक्टर के आदेश का कोई असर विभागीय अफसरों पर नहीं दिख रहा है. जिस कारण प्राइवेट स्कूल संचालक अपनी मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे है।



**हर साल बदला जा रहा सिलेबस:** प्राइवेट स्कूलों ने अच्छी शिक्षा के नाम पर अभिभावकों को अपना बिना पिन वाला एटीएम समझ लिया है. इस बात को आसानी से समझना हो तो प्राइवेट स्कूलों का हर साल बदलने वाला सिलेबस देख लीजिए. मान लीजिए कि अगर किसी प्राइवेट स्कूल में एक ही परिवार के दो बच्चे पढ़ते है. यह कक्षाएं 06 और 07 वीं है. अब इन कक्षाओं में इस साल जो सिलेबस के नाम पर थोपा गया है वह आने वाले साल में फिर बदल दिया जाएगा. जिस कक्षा 07 की पुरानी किताबें किसी काम की नहीं रहेगी. कटंगी के तमाम प्राइवेट स्कूल लगभग हर साल ऐसा कर रहे है।

**स्कूलों में चल रही दुकानदारी:** प्राइवेट स्कूल के नाम पर कटंगी में कई जगह दुकानें चल रही है जहां कॉपी-किताब, ड्रेस से लेकर तमाम सामग्री स्कूलों के द्वारा बेची जा रही है. वहीं कुछ स्कूलों ने अपनी दुकानें तय कर रखी है. स्कूल संचालक कॉपी, किताबों के सेट खरीदने के लिए एक पर्ची और साथ में कॉपी-किताबों की लिस्ट देता है. पर्ची पर पहले से निर्धारित एक खास विशेष दुकान का नाम लिखा होता है. अभिभावक उस दुकान पर जाते हैं, दुकानदार को वो पर्ची देते हैं. पर्ची लेकर दुकानदार आपको एक बैग थमा देता है, इस बैग में पहले ही वो सारी कॉपी-किताबें और स्टेशनरी मौजूद होती है जो स्कूल ने अपने लिस्ट में लिखी थी. ना अभिभावक दुकानदार से कुछ बोलते हैं, ना दुकानदार कुछ कहता है, पर्ची, पैसों और किताबों का लेनदेन यहीं समाप्त हो जाता है।

देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्कूल बैग पॉलिसी 2020 लागू की गई है. इसमें बच्चों के स्कूल बैग का बोझ कम करना मुख्य उद्देश्य है. मगर, इस नियम की भी प्राइवेट स्कूल जमकर धज्जियां उड़ा रहे है. पाठ्य पुस्तकों के अलावा आउट ऑफ सिलेबस की पुस्तकों ने बस्तों का बोझ भी बढ़ा दिया है. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्कूल बैग पॉलिसी के मुताबिक पहली कक्षा में स्कूल बैग का वजन 1.6 किलो तक होना चाहिए. इसी तरह पांचवीं कक्षा तक अधिकतम वजन 2.5 किलो होना चाहिए।

## रटेगाँव से पुजारीटोला मार्ग जर्जर, बारिश गिरते ही किचड़ में तब्दील हो जाती है सड़क



हरिभूमि न्यूज खमरिया।

लालबर्रा विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत रटेगांव से पुजारीटोला मार्ग काफी जर्जर हो चुका है। मार्ग पर बड़े बड़े गड्ढे हो चुके हैं। जिससे आवागमन करने में परेशानीयों का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनो और भी ज्यादा परेशानीयो का सामना करना पड़ता है] बीच सड़क में गड्डे होने से पानी भर जाता है, कच्चा मार्ग होने के कारण बारिश होते ही सड़क किचड़ में तब्दील हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क से दर्जन भर ग्राम के लोग बालाघाट के लिये दैनिक कार्य के लिये जाते है। सड़क पर गड्ढे होने से वाहन अनियंत्रित होकर कई बार गिर पड़ते है। रटेगांव से पुजारीटोला एक किमी दुरी पर है। लेकिन सड़क पर बने गड्ढे दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं। कई बार जनप्रतिनिधियों एवं जिम्मेदारों को अवगत करवाया गया लेकिन आज तक किसी ने सुद्द नहीं ली है। इसलिये समस्या जस के तस बनी हुई है। इस मार्ग का कायाकल्प हो जाये तो परेशानीयों का सामना नही करना पड़ेगा।

### जनपद सीईओ को आवेदन देकर की गई शिकायत, सरपंच ने नकारा

# कोचेवाही के ग्रामीणों ने सरपंच पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

हरिभूमि न्यूज लांजी।

विकासखंड अंतर्गत आने वाली पंचायतों में आए दिन भ्रष्टाचार किये जाने के आरोप लगते रहते है। वहीं समय-समय पर ग्रामीण भी पंचायत स्तर पर होने वाली परेशानियों की शिकायत करते रहते हैं। इसी तरह जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत ग्राम पचांयत कोचेवाही के ग्रामीणों में भी ग्राम सरपंच की कार्यप्रणाली और प्रत्येक काम के लिये राशि मांगने के कारण काफी आक्रोश है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने जनपद पंचायत लांजी पहुंचकर सीईओ को आवेदन दे की है। ग्रामीणों ने शिकायत में बताया है कि ग्राम सरपंच सतोष यादव ग्राम पंचायत में अपनी मनमर्जी चला रहे है और शासन से आने वाले विकास कार्यों के पैसों का दुरुपयोग कर रहे है। बिना पंचायत के प्रस्ताव के बिल वाउचर लगाकर राशि का आहरण किया जा रहा हैं। ऐसे अनेकों कारनामें है जो सरपंच अपने पद का दबाव बनाकर अंजाम दे रहे है।



### गरीबी रेखा कार्ड बनाने मांगे रूपये: पतिराम, पुनेश्वर

ग्राम कोचेवाही निवासी पतिराम बाहे एवं पुनेश्वर मानकर ने बताया की ग्राम के सरपंच संतोष कुमार यादव से उसके द्वारा गरीबी रेखा का कार्ड बनाने के लिये कहा गया था जिसके एवज में सरपंच द्वारा एक हजार और 1500 रूपये की मांग की गई जिसे हमने दिया भी परंतु आज दो वर्ष से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद भी सरपंच द्वारा न तो कार्ड बनाया गया और न राशि लौटाई जा रही है। जब भी सरपंच से मेरे द्वारा राशि या कार्ड की मांग की जाती है तो उनके द्वारा 10-15 दिन में काम हो जाएगा कहकर बात को टाल दिया जाता है। जिसके बाद आज परेशान होकर मुझे सरपंच के खिलाफ जनपद पंचायत में शिकायत करनी पड़ रही है जहां से न्याय आस है। शिकायतकर्ताओं ने बताया की वे बेहद ही गरीब परस्थिति के है और मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते है अतः उन्हें शीघ्र से शीघ्र सरपंच से राशि या कार्ड बनाकर दिया जाए।

### दो माह बाद भी नहीं मिल पाया मृत्यु प्रमाण पत्र: बृजंती यादव

वहीं दूसरी ओर ग्राम कोचेवाही निवासी बृजंती यादव ने भी अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया की उसके पति की मृत्यु विगत 1 मई 2024 को हो चुकी है। जिनके मृत्यु प्रमाण पत्र के लिये उसे पंचायत में लगातार चक्कर काटने पड़ रहे है। मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने से उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। वहीं पंचायत द्वारा अभी तक उसे अंत्येष्टि सहायता राशि भी नहीं मिली है। परंतु सरपंच संतोष यादव की मनमानी और अड़ियल रवैये के कारण उसे पति का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहा है। वहीं सचिव से भी मृत्यु प्रमाण पत्र देने की बात कहने पर उनके द्वारा सरपंच से बात करो कहकर टाल दिया जाता है। बृजंती ने बताया की वह पति की मृत्यु के बाद बहुत अधिक मानसिक रूप से परेशान है वहीं सरपंच द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र के लिये अड़ंगा डालने की वजह से और भी परेशान हो रही है। जिसके बाद आज विवश होकर उसे सरपंच के खिलाफ शिकायत करने जनपद पंचायत आना पड़ा है।



### इनका कहना है

ग्राम पंचायत कोचेवाही में मेरे द्वारा लगातार विकास कार्य कराए जा रहे है। वहीं सरपंच न होते हुए भी मेरे द्वारा ग्राम के लोगों की परेशानियों में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया गया है। वहीं राजनीतिक रंजिश के चलते मेरे विरोधियों द्वारा मुझे परेशान करने की नीयत से झूठे आरोप लगाए जा रहे है। सरपंच जैसे सम्मानित पद पर होते हुए 1000-1500 की राशि मेरे द्वारा मांगे जाने का जो आरोप लगाया जा रहा है वह सरासर गलत है।

**संतोष कुमार यादव,**
**सरपंच**
**ग्राम पंचायत कोचेवाही**

## शिक्षिका शशिकला पारधी को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

तहसील मुख्यालय से लगभग 3 किलोमीटर दूर स्थित एकीकृत शा स की य माध्यमिक शाला मुरझड फार्म में अनेक वर्षों से पदस्थ वरिष्ठ शिक्षिका शशि कला पारधी की सेवा निवृत्ति पर शाला परिवार की प्रधान पाठिका हिता नगपुरे के मार्गदर्शन एवम् निर्देशन में शाला परिसर में भव्य अभिनंदन एवम् बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शशिकला पारधी, विशेष अतिथि प्रणय श्रीवास्तव अश्क, मुकेश पारधी पूर्व सरपंच, लिखन लाल पटले पूर्व प्रधान पाठक, भेजेंद्र चौधरी योग आचार्य, शाला अध्यक्ष तेजराम खैरवार, रमेश चचाने, सी् एल पारधी, धर्मेंद्र गौतम ने अपनी शुभकामनाओं के साथ शशिकला पारधी का आत्मीय अभिनंदन कर शाल, श्रीफल एवम् स्मृति चिन्ह उपहार भेंट किया।




### जीवन की मुसीबतों में दृढ़ विश्वास के साथ खड़ी रही- भेजेन्द्र चौधरी

विशेष अतिथि प्रणय श्रीवास्तव ने स्वरचित अभिनंदन गीत के माध्यम से पूरा जीवन परिचय बताते हुए शशि कला पारधी को एक लगनशील, संघर्ष शील मातृशक्ति बताया। योग गुरु भेजेंद्र चौधरी ने उनके जीवन की मुसीबतों में भी दृढ़ विश्वास के साथ सतत अध्ययन करते रहने की जानकारी दी। प्रधान पाठिका हिता नगपुरे ने उन्हें बच्चों के प्रति जागरूक एवम् व्यवहार कुशल शिक्षिका कहा।

स्वागत समारोह के पूर्व अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर तिलक वंदन कर पुष्प अर्पित किए। शाला की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की गई एवम् स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

शाला परिवार की शिक्षक, शिक्षिकाओं में मीना देशमुख, अलका वर्मा, ज्योति पटले, सुंदरलाल राहंगडाले, ठाकुर प्रसाद सूर्यवंशी के साथ ही मध्यान्ह भोजन योजना के कुशमन बाई डोंगरे, दीपिका कावरे, मथुरा फूलबांधे सहित समस्त छात्र-छात्राओं की गरिमापूर्ण उपस्थिति के बीच भाव विभोर होकर अश्रु पूर्ण नयनों से सेवानिवृत्त शिक्षिका शशि कला पारधी ने कहा कि मैने अपने जीवन का सबसे ज्यादा समय इस पाठ शाला में बिताया हैं।

# चोरी, धोखाधड़ी का मास्टर माइन्ड राधेश्याम सहित 7 साथी गिरफ्तार

**पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी जी.डी.शर्मा,एसडीओपी सिवनी श्रीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. राजेश कुमार दुबे व्दारा थाना क्षेत्र मे तत्परता से कार्यवाही की जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



03.07.2024 को ट्रेक्टर चोरी की सूचना मे डायल 100 मे प्रार्थी नरेश रजक S/O हुकुम चंद रजक उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बखारी थाना बंडोल जिला सिवनी के द्वारा की गई जो थाना बंडोल पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुये ग्राम बखारी जाकर सूचना तस्दीक की गई, प्रार्थी एवं ग्रामिणो के द्वारा बताये गये संदिग्धो से पुलिस द्वारा हिकमत अमली से पूछताछ की गई जो पाया गया । संदिग्ध व्यक्तिगण कुल 08 लोग सिवनी से अमरवाड़ा जाना बता रहे थे ।
संदिग्ध राधेश्याम पिता स्व. ताराचंद टेम्भरे निवासी ग्राम बम्होड़ी हाल कबीर वार्ड सिवनी थाना डूण्डासिवनी का आदतन अपराधी है से पूछताछ की गई जो बताया कि चोरी किया गया ट्रेक्टर बखारी पेट्रोल पंप के पीछे छुपा कर रखे है । युक्तिरुपेण कार्यवाही करते हुय आरोपियो के कब्जे से महिन्द्रा ट्रेक्टर नं. MP - 22 - AB-3968 मय ट्राली कीमती - करीब 9 लाख रूपये का जप्त किया गया एवं घटना मे प्रयुक्त आरोपियो की 04 मोटर सायकलो को भी जप्त किया गया जिनकी जांच परख तस्दीक की जा रही है । मामले का मुख्य आरोपी राधेश्याम पिता स्व. ताराचंद टेम्भरे निवासी ग्राम बम्होड़ी हाल कबीर वार्ड सिवनी थाना डूण्डासिवनी के द्वारा पूर्व मे 08.09.22 को अपने अन्य 09 साथियो के साथ ग्राम बखारी मे अशोक साहू पिता ठाकुर प्रसाद साहू के यहां सोने-चांदी के जेवर एवं नगदी चोरी किये गये थे जिसमे करीबन 35 लाख रुपये बरामदगी हुई थी जिसका प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन है। जिसके विरुद्ध विभिन्न थानो मे करीबन 11 अपराध पंजीबद्ध है ।
आरोपी राधेश्याम टेम्भरे ग्राम बखारी एवं आसपास के क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति से अच्छी तरह वाकिफ है जो दिनाँक 03.07.2024 को अपने 07 साथियो के साथ बड़ी घटना को अंजान देने आना एवं एकांत स्थान मे ट्रेक्टर खड़ा दिखाई देने से वारदात को अंजाम दिया गया है। थाना बंडोल द्वारा आरोपियो को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही करते हुये सभी आरोपियो को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपी :- (1) राधेश्याम पिता स्व. ताराचंद्र टेम्भरे उम्र 52 साल निवासी डूडासिवनी मरघटी रोड थाना डूडासिवनी (2) लालसिंग पिता वीरसन मर्सकोले उम्र 45 साल निवासी सागर थाना कुरई जिला सिवनी (3) मेघराज पिता सूरजलाल मरावी उम्र 50 साल निवासी घपेरा मोहगांव थाना लालवर्रा जिला बालाघाट (4) राजेन्द्र पिता रामाजी उईके उम्र 40 साल निवासी ग्राम घोघरी थाना कुरई जिला सिवनी (5) हंसराज पिता शांतिलाल कोसटे उम्र 38 साल निवीस ग्राम घपेरा मोहगांव थाना लालवर्रा जिला बालाघाट (6) प्यारेलाल पिता प्रेमलाल उईके उम्र 60 साल निवासी ग्राम टिकारी थाना कुरई जिला सिवनी (7) रामकिशोर पिता धरमू धुर्वे उम्र 35 साल निवासी ग्राम सागर थाना कुरई जिला सिवनी (8) भगतराम पिता साजीराम धुर्वे उम्र 34 साल निवासी जम्माकिरारी थाना नवेगांव जिला छिन्दवाड़ा चोरी गया मशरुका:- महिन्द्रा ट्रेक्टर नं. MP-22-AB-3968 मय ट्राली कीमती - करीब 9 लाख रूपये जप्ती :- 1. महिन्द्रा ट्रेक्टर नं. MP-22-AB- 3968 मय ट्राली कीमती - करीब 9 लाख रूपये।

# कोतवाली पुलिस द्वारा दो अलग अलग जगह पर सट्टा रेड कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**सिवनी जिले में चल रहे जुआ, सटटा, शराब के खिलाफ कार्यवाही हेतु व पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूप्रसाद शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमति पूजा पांडे के द्वारा कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुए ।**

दिनांक 03/07/24 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ददूधर्म शाला के सामने अंडे की दुकान के पास एवं अमन होटल के पीछे मेन रोड पर दो व्यक्ति अंको पर लोगो के रूपयो का दाव पेंच लगाकर सट्टा पट्टी लिख रहे है टीम गठित कर दोनो अलग अलग स्थानो पर घेराबंदी कर दबिश देकर रेड कार्यवाही की गई। जिसमें दो आरोपियो को पकडने में सफलता प्राप्त हुई। दोनो व्यक्तियो पर अलग अलग अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही की गई अपराध क्रमांक 483/2024 धारा 4 क सटटा एक्ट अपराध क्रमांक 484/2024 धारा 4 क सटटा एक्ट नाम आरोपी :- 01 रमेश पिता बाबूलाल परते निवासी अम्बेडकर वार्ड सिवनी 02 ओमकार पिता हरिप्रसाद कोष्टा निवासी आजाद वार्ड सिवनी 5480/- रूपये, सटटा पटटी एवं डॉट पेन।

# यातायात पुलिस सिवनी निरंतर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए प्रयासरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस सिवनी निरंतर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए प्रयासरत हैं। इसी तारतम्य में विगत कुछ दिनों में नागपुर रोड फोरलेन में घटित दुर्घटनाओं का कारण सड़क संबंधी कोई समस्या तो नहीं है इस संबंध में विजय बघेल थाना प्रभारी यातायात, थाना प्रभारी लखनवाड़ा एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के रोड सेफ्टी दल द्वारा आमाकोला, बघराज तथा कलबोड़ी के राष्ट्रीय राजमार्ग इंटरसेक्शन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डिवाइडर पर लगे पौधों की छटाई का कार्य शीघ्र करने एवं आवश्यक रोड मार्किंग संकेतक बढ़ाए जाने हेतु चर्चा की गई। डिवाइडर की डिजाइन संबंधी सुधार हेतु यदि आवश्यक होगा तो प्रोजेक्ट डायरेक्टर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाड़ा को भी पत्राचार किया जाएगा। यातायात पुलिस की सिवनी के नागरिकों से अपील है कि राष्ट्रीय राजमार्गों एवं अन्य राजमार्गों पर वाहन चलाते समय गति सीमा का ध्यान रखें साथ ही दो पहिया वाहन चालक अपनी लेन में ही वाहन चलाए। सभी वाहन चालक जंक्शनों एवं इंटरसेक्शन पर सड़क पार करते समय ध्यान रखें की उस सड़क लेन पर चलने वाले वाहन एक सुरक्षित दूरी पर हैं। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सभी सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें एवं अपने जीवन को सुरक्षित रखें।

# करंट लगने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

आदिवासी बाहुल्य ब्लॉक घंसौर के अंतर्गत आने वाले घोंटखेड़ा ग्राम में दोपहर के समय एक हादसा हो गया। जहां घर पर बिजली कार्य कर रहे एक व्यक्ति को करंट लग गया। जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सियाराम नामक व्यक्ति घर पर बिजली सुधार रहा था और बिजली के तारों के संपर्क में आ गया, जिसके कारण गंभीर घायल हो गया। घटना की जानकारी परिजनों ने घंसौर पुलिस और 108 वाहन में दी। जहां घायल को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहा डाक्टर न घायल उस मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का के शव का पंचनामा बनाते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। इनका कहना है घंसौर थाना प्रभारी अनिल कुमार पटेल का कहना है सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति को करंट लग गया है, जिसके कारण उसकी मौत हो गई है। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। यह भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि घटना कैसे हुई।

# शिक्षक संघ ने किया नवागत कलेक्टर को पुष्प गुछ देकर किया अभिवादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा सिवनी तथा संभाग शाखा के पदाधिकारी के द्वारा सिवनी जिले में मध्य प्रदेश शासन द्वारा नियुक्त नवागत कलेक्टर सूश्री संस्कृति जैन को पुष्प गुछ तथा शिवाजी महाराज की पुस्तक प्रदान कर सिवनी जिले में प्रथम बार कलेक्टर के रूप में प्रदांकन पर अभिनंदन किया इस अवसर पर शिक्षक संघ की संभाग अध्यक्ष विजय शुक्ला जिला अध्यक्ष श्री अनिल शर्मा जिला सचिव अविनाश पाठक जिला कोषाध्यक्ष श्री संतोष सूर्यवंशी तहसील कु रई अध्यक्ष श्री विनोद त्रिवेदी छा परा अध्यक्ष की अजय यादव ब्लॉक अध्यक्ष श्री गजेंद्र राय उपस्थित रहे संगठन द्वारा कलेक्टर महोदय को अपने उद्देश्य से अव गत कराया गया तथा जिले में पेंशन विभाग में पी पी ओ जारी करने पर हो रही तेरी पर भी कलेक्टर को संगठन द्वारा जानकारी दी गई कलेक्टर द्वारा संगठन को बधाई की गई कि आप विद्यालय अवधि के पश्चात की मुझसे संपर्क करने करने आए संगठन द्वारा जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

# दिव्यांग संगठन विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर के समक्ष ज्ञापन सौंपा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिव्यांग संगठन भाइयों ने कलेक्टर के समक्ष एक ज्ञापन सोपा जिसमें दिव्यांगों की विभिन्न समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया गया जिसमें प्रथम समस्या है बस में कंडक्टर और ड्राइवर के द्वारा छूट प्रदान न करना पेंशन राशि महिलाओं को 1250 देना लेकिन विकलांग लोगों को ₹600 ही देना रेलवे पास का शिविर लगवा कर दिव्यांग का रेल पास बनाया जाए और सरकारी भर्तियों में भी दिव्यांगों को सहायता दी जाए पांच लाख तक का लोन दिव्यांगों को दिया जावे तथा दिव्यांगों में बैंकों में एक ही जगह सभी बैंकों का कार्य हो जिससे वह इधर-उधर ना घूम सके दिव्यांग भाई नीरज साहू नंदेश्वरी बघेल कुंज बिहारी कटरे सुनील प्रजापति

# नगर परिषद ने चलाया सफाई अभियान



केवलारी- नगर परिषद के वार्डो में प्रतिवर्ष वर्षा काल में जल भराव कि स्तिथी निर्मित हो जाती है। नगर के बीचो-बीच विभिन्न नालो के कारण अनेक क्षेत्रों में प्रतिवर्ष लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता है।वर्तमान समय मे भी विभिन्न क्षेत्रो मे जलभराव कि स्तिथी पैदा हो रही है।नगर में जल भराव ना हो नाला नालियों में जमा मठ को निकालने के लिये जल भराव की समस्या से निजात पाने के लिए चंद्र किशोर भवरे सीएमओ नगर परिषद, शिवा मेहरा उपयंत्री नगर परिषद ने अवलोकन कर नगर के पार्षदों के मार्गदर्शन मे वार्ड क्रमांक 10 बस स्टेन्ड नाला ,वार्ड क्रमांक 12 खैरमाई मंदिर के पास, वार्ड क्रमांक 10 पुराना मछली मार्केट, वार्ड ग्राम 11 गल्ला मंडी ,दुर्गा चौक, सिवनी मंडला रोड डुमरा लोहार के घर के पास, वार्ड नंबर 13 सिद्ध बाबा के पास सफाई अभियान चलाया गया।

## एसडीएम ने किया निरीक्षण

नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में जल भराव की स्थिति निर्मित ना हो इस उद्देश्य को लेकर श्री महेश अग्रवाल एसडीएम ने आज दिनांक 4 जुलाई 2024 को नगर के विभिन्न बार्डो का अवलोकन कर अति आवश्यक साफ-सफाई के निर्देश सीएमओ चंद्रशेखर भवरे सब इंजीनियर शिवा मेहरा को दिए हैं।

# एक पेड़ मां के नाम मिशन के तहत विद्युत विभाग ने लगाये 450 पौधे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** एक पेड़ माँ के नाम'' मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले में विद्युत विभाग द्वारा वृहद् वृक्षारोपण 5 जुलाई 2024 से 15 जुलाई 2024 तक करने का संकल्प लिया है । वृक्षारोपण के इस महापर्व पर अधीक्षण अभियंता सिवनी, एस.आर. येमदे, कार्यपालन अभियंता, सुभाष राय, कार्यपालन अभियंता, महेश कुमार साहू, एवं ओमप्रकाश सोनी, कार्यपालन अभियंता, लखनादौन एवं सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं विद्युत ठेकेदारों ने संकल्प लिया है कि प्रत्येक व्यक्ति एक-एक पौधा लगायेंगे ।

वृक्षारोपण की इसी कड़ी में आज दिनांक 5 जुलाई 2024 को प्रथम चरण में अधीक्षण अभियंता सिवनी वृत्त परिसर बरघाट रोड सिवनी में, सिवनी शहर एवं ग्रामीण कार्यालय परिसर, लखनादौन कार्यालय परिसर केवलारी, बरघाट, में नीम,



पीपल, बरगद, जामुन, आवंला, कंजई, आम, चीकू, अमरूद, अशोक, बांस, काजू, मुनगा, कटहल, नारियल, पाम, चंदन के पेड़ों के साथ-साथ औषधीय पेड़/पौधे - कुल 450 पौधों का रोपण किया गया । विशेष रूप से पौधारोपण में कई पौधे 5 से 6 फिट के, 4-5 वर्ष तक की उम्र के लगायें गये हैं ताकि वे आसानी से पनप सकें । ज्ञात हो कि सिवनी जिले में विघुत विभाग के 8 बड़े कार्यालय एवं 23 विघुत उपभोक्ता सेवा केंद्र हैं । जिसमें आज प्रथम चरण में कार्यालयीन परिसरों में वृक्षारोपण किया गया है । विद्युत विभाग के मीडिया प्रभारी इरफान खान द्वारा बताया गया कि विद्युत विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संकल्प लिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति एक पेड़ उनके द्वारा लगाकर स्वयं उन्हें सुरक्षित रखा जावेगा ताकि पृथ्वी के पर्यावरण के पारिस्थितिक संतुलन को बनाये रखने एवं जलवायु को प्रदूषित होने से के साथ-साथ जल संरक्षण हो सके ।

# पेंच नेशनल पार्क में जंगल का बढ़ेगा दायरा, वन्य प्राणियों को आबाद करने जन्मभूमि छोड़ने तैयार कर्माझिरी के ग्रामीण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** वन्यप्राणियों को 'आबाद' करने और आपसी द्वंद (संघर्ष) को कम करने कर्माझिरी गांव के ग्रामीणों ने अपनी जन्मभूमि सहित घर-वार छोड़ने राजी हो गए हैं। पेंच राष्ट्रीय उद्यान के गेट पर स्थित वनग्राम में कई दशकों से निवासरत लोगों ने एक सप्ताह पहले हुई आमसभा की बैठक में स्वेच्छा से विस्थापन पर अपनी सहमति दी है। यहा रहने वाले परिवारों को पेंच टाइगर रिजर्व के कर्माझिरी गेट से कुछ किलोमीटर दूर स्थित जोगीवाड़ा गांव में बसाया जाएगा। कोर क्षेत्र से लगे कर्माझिरी गांव में करीब 450 एकड़ रकबे में खेती होती है। विस्थापन से वन्यप्राणियों के लिए यहां घास के नये मैदान तैयार हो सकेंगे। पुनः विस्थापित की प्रक्रिया में तेजी लाने 26 जुलाई 2022 को राज्य सरकार द्वारा पेंच टाइगर रिजर्व के सीमावर्ती वन क्षेत्र को शामिल किया था।
नवीन कर्माझिरी अभयारण्य का गठन करने की अधिसूचना जारी कर दी थी। अधिसूचना जारी होने के बाद कर्माझिरी गांव से विस्थापित होने वाले ग्रामीणों को जोगीवाड़ा में पक्का घर व खेती के लिए भूमि उपलब्ध कराने का रास्ता साफ हो गया है।
अधिकारियों के अनुसार री-लोकेट (पुर्नविस्थापन) होने से जितना लाभ कर्माझिरी के ग्रामीणों को मिलेगा, उतना ही फायदेमंद पेंच पार्क प्रबंधन के लिए होगा। जंगल की कोर बाउंड्री (पत्थरों की दीवार) से सटे खेत के साथ आबादी क्षेत्र तक वन्यप्राणियों की घुसपैठ रहती है। फसल नुकसान से जहां किसान हताश हैं, तो रात में ग्रामीणों का घर से निकलना खतरनाक होता है।



पेंच गेट के करीब स्थित कर्माझिरी गांव

किसानों को खेतों में जान जोखिम में डालकर किसानी कार्य करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। वन्यप्राणी कब हमला कर दें, इसका अनुमान लगाना मुश्किल होता है। शाम ढलते ही बाघ व दूसरे हिंसक वन्यप्राणी खेतों के आसपास घूमते दिखाई देते हैं। पालतू मवेशियों के शिकार की संभावना बनी रहती है। गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे बुनियादी ढांचों की कमी भी एक बड़ी समस्या है। पुर्नविस्थापन पर एक परिवार (एक यूनिट) को कैंपा फंड से 10 लाख रुपये की राशि एक मुश्त खाते में देने का प्रस्ताव रखा गया था। लेकिन केंद्र सरकार ने यह राशि बढ़ाकर अब 15 लाख रुपये कर दी है। केंद्र सरकार की शर्तो के अनुसार विस्थापित प्रत्येक परिवार को एक मुश्त 15 लाख रुपये दिए जाएंगे। यदि परिवार नकद राशि नहीं लेना चाहता है, तो उसे पुर्नविस्थापन के लिए चिंहित गांव में ढाई हेक्टेयर (करीब 5 एकड़) भूमि खेती के लिए दी जाएगी।

## नया गांव बसाने चिंहित किया 160 हेक्टेयर जमीन

मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखते हुए घर उपलब्ध कराया जाएगा। दक्षिण सामान्य वनमंडल के रूखड़ वन परिक्षेत्र के जोगीवाड़ा बीट स्थित कक्ष क्र. 436 व 437 में 160 हेक्टेयर जमीन को नया गांव बसाने चिंहित किया गया है। पुर्नविस्थापित होने वाले ग्रामीणों के लिए मूलभूत सुविधाएं रोड, बिजली, पानी, अस्पताल, स्कूल इत्यादि की व्यवस्था की जाएगी।

## पुर्नविस्थापन करने होगा परिवारों का सर्वे

आठ साल पहले हुए सर्वे में कर्माझिरी में 138 परिवारों ने पुर्नविस्थापन पर सहमति जताई थी। बस्ती में 50 कच्चे-पक्के घर हैं, जिसकी आबादी लगभग 300 होगी। पति-पत्नि व 18 साल से कम उम्र के बच्चों को एक यूनिट (परिवार) माना गया है। इसके अलावा विकलांग, विधवा महिला, परित्यक्ता महिला को भी एक परिवार यूनिट का दर्जा दिया गया है।
कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा कर्माझिरी में निवासरत परिवारों का विस्तृत सर्वे किया जाएगा। इसके बाद स्पष्ट होगा कि वर्तमान में कितने यूनिट परिवार यहां निवासरत हैं। प्रत्येक परिवार को एक यूनिट मानकर कैंपा फंड से विस्थापन राशि दी जाएगी। विस्थापित होने वाले 50 प्रतिशत राशि लेने तैयार हैं जबकि 50 प्रतिशत घर और खेती के लिए जमीन की मांग कर रहे हैं।

## वृक्षारोपण केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं यह हम सबका दायित्व है

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा रोपण जरूरी है तभी सुरक्षित रहेगी भावी पीढ़ी: मातृ शक्ति संगठन

**ये बात मातृ शक्ति संगठन अध्यक्ष सीमा चौहान ने अपने जन्मदिन पर पौधरोपण करते वक्त कही है। सीमा चौहान ने अपने जन्मदिन पर पुलिस लाइन में अपनी टीम के साथ 5 पौधे लगाए और उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी ली । साथ ही इस अवसर पर संगठन द्वारा 101 पौधे राहगीरों को सप्रेम भेंट में दिए गए एवं उन्हें रोपित कर उनकी देखभाल करने की समझाइश दी।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

फलदार एवं ओषधीय पौधों के साथ ऐसे पौधे भेंट में दिए गए जो पर्यावरण के मित्र हों अर्थात हर मौसम में तालमेल बना लेते है जैसे पीपल , नीम , गुलमोहर, सिंदूर, जामुन , आम , सहजन आदि। यदि कोरोना काल मे भी हम सब वृक्षों का महत्व नहीं समझ पाए तो ये बहुत बड़ी भूल होगी और इसके परिणाम हमारी आने वाली पीढ़ियों को निश्चित रूप से झेलने होंगे। देश का विकास भी जरूरी है और विकसित देश हम सब चाहते भी हैं। लेकिन विकास के नाम पर वर्षों पुराने पेड़ों की जो कटाई होती है उसकी भरपाई तो सम्बंधित कंपनी करती ही है यानी उसे विकास कार्य पूर्ण होने पर उतना ही वृक्षारोपण करना होता है। अब समझदारी तो ये है कि हम सब शासन , प्रसाशन को दोषी ना ठहराते हुए मिलकर पेड़ लगाने की जिम्मेदारी लें। सम्बंधित कंपनी विकास कार्य पूर्ण होने पर अपना पौधरोपण खुद करेंगी और जागरूक आम जन उनके पौधारोपण पर फोकस भी कर सकता है ताकि पौधरोपण का काम कागजी दस्तावेजों में सिमट कर ना रह जाए और हम अपनी प्रकृति माँ के हरे भरे श्रंगार को बरकरार रख पाएं।

# विकास के प्रकाश से अब कोई भी वंचित नहीं रहेगा-कमल मर्सकोले

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दक्ष नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था में निरंतर विस्तार हो रहा है। भारत आज विश्व की 5 शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार अपना योगदान सुनिश्चित करने का संकल्प बजट के माध्यम से प्रस्तुत कर दिया है और प्रदेश का सर्वांगीण विकास वाला यह बजट प्रदेश को नई ऊचांई प्रदान करने वाला सिद्ध होगा ।
बरघाट विधायक कमल मर्सकोले ने मध्यप्रदेश के प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुये उक्ताशय की बात प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कही । बरघाट विधायक ने कहा है कि यह बजट मध्यप्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा बजट है जो प्रसन्नता का विषय है वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 16 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। यह बजट मध्यप्रदेश के विकास को नई ऊर्जा प्रदान करेगा । जारी प्रेस विज्ञप्ति में कमल मर्सकोले ने कहा कि इस बजट में प्रदेश के हर क्षेत्र का विकास समाहित है । इस में हर वर्ग की चिंता निहित है । युवाओं को रोजगार, महिलाओं को आर्थिक सक्षमता, किसानों को कृषि सुविधाएँ, गरीब कल्याण, उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, चिकित्सा की बेहतर सुविधाएँ, व्यापारी मजदूर सभी को डॉ. मोहन यादव सरकार के पहले बजट में अधिकतम देने का प्रयास सराहनीय रहा है । सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय वाले इस बजट के लिये मुख्यमंत्री डां. मोहन यादव एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का बरघाट विधानसभा की ओर से ह्रदय से आभार ।

## शंकराचार्य सदानन्द सरस्वती महाराज ने सिवनी रेल्वे स्टेशन से भोपाल प्रस्थान किया



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले का यह प्रथम अवसर है कि रेलवे के इतिहास में सिवनी जिले ऐतिहासिक क्षण जब प्रथम बार श्री जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने रेल से यात्रा की। उक्त जानकारी देते हुये धर्मवीर अजित तिवारी ने बताया कि द्वारकाशारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज अपना चातुर्मास्य व्रत के पूर्व भक्तों को शुभाशीर्वाद देने सिवनी की पावन धरा पधारे। पूज्यपाद जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज इस वर्ष चातुर्मास्य व्रत अहमदाबाद गुजरात में करेंगे।आपने अपने पूज्य गुरुदेव भगवान अनन्तश्री विभूषित द्वारका-शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज के पावन जन्मस्थली गुरुधाम में विराजमान श्री गुरुरत्नेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया और भक्तों की सुख,समृद्धि और सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की। पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज भक्तों के आग्रह पर उनके निवास स्थान पर पहुंचे जहां उपस्थित श्रद्धालुओं को भी अपने शुभाशीर्वचन और नारायणात्मक शुभाशीर्वाद प्रदान किया। श्री तिवारी ने आगे कहा कि जैसे ही पूज्यपाद शंकराचार्य जी महाराज को यह ज्ञात हुआ कि सिवनी से भोपाल तक प्रातः काल रेल की सुविधा है तो उन्होंने अपना मन रेल यात्रा करने का बनाया और 3 जुलाई 2024 दिन बुधवार के दिन प्रातः 8 बजे सिवनी रेल्वे स्टेशन से पातालकोट एक्सप्रेस रेल से राजधानी भोपाल ओर प्रस्थान किया।

## खबर संक्षेप

### जिले में पहली बार 11 जुलाई को निकलेगी जगन्नाथ रथ यात्रा

**बालाघाट।** उड़ीसा के जगन्नाथपुरी में निकाली जाने वाली जगन्नाथ यात्रा के तर्ज पर जिले में पहली बार 11 जुलाई को जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए इस्कान संस्था बालाघाट के संचालक रत्नभूषण दास ने बताया कि प्रतिवर्ष जगन्नाथपुरी में भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा निकाली जाती है। जिसके बारे में बताया जाता है कि भगवान जगन्नाथ, अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ, लोगों को करूणा बरसाने, आशीर्वाद देने के लिए निकलते है। जिसमें बड़ी संख्या में देश सहित संपूर्ण विश्व के लोग, इस यात्रा में आशीर्वाद लेने पहुंचते है। इसी भाव के साथ जिले में इस वर्ष पहली बार बालाघाट इस्कान संस्था द्वारा जगन्नाथपुरी की रथयात्रा के तहत रथयात्रा निकाली जा रही है

### सीएम ने अंतरित की बहनाओं को 14 वीं किस्त और किसानों के खातों में भी सम्मान निधि

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को टीकमगढ़ जिले में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से लाड़ली बहनाओ और किसानों को क़स्ति अंतरित की है। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी प्रशान्त ठाकुर ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय स्थित वीसी कक्ष में आयोजित किया गया था। यहां सांकेतिक रूप से बहनाओ को चैक भी प्रदान किये गए। साथ ही कलेक्टर की अध्यक्षता में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और सुना गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से जिले की 356460 बहनाओ को 14 वी क़स्ति के रूप में प्रति बहना को 1250 रुपये की किस्त जारी की गई है। इसी कार्यक्रम के माध्यम से जिले के किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि भी प्रदान की गई है। भू-अभिलेख एसएलआर श्रीमती स्मिता देशमुख ने बताया कि शुक्रवार को जिले के 300711 किसानों के खातों में 2000-2000 रुपये की राशि ट्रांसफर की गई है।।

### जिले में 6 इंच से अधिक वर्षा हुई

**बालाघाट।** भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जुलाई में जिले की 11 तहसीलों में कुल औसत वर्षा 173.5 मिमी वर्षा हुई है। अगर इंच में बारिश देखें तो जुलाई माह में लगभग 7 इंच वर्षा हो चुकी है। तहसीलवार बारिश की स्थिति जाने तो अब तक सबसे अधिक वर्षा बिरसा तहसील में 10 इंच से अधिक यानी 262.6 मिमी हुई है।

### प्रशासन ने निजी स्कूलों पर कसा शिकंजा, स्कूलों के दस्तावेज जांचे

# पालकों को गुमराह करने वाले स्कूलों की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पालकों को गुमराह कर स्कूल चला रहे संचालकों पर प्रशासन का शिकंजा कसता जा रहा है। गुरुवार को एसडीएम के नेतृत्व में गठित जांच दल समिति ने तहसीलदार भूपेन्द्र अहिरवार के नेतृत्व में स्कूलों के सीबीएसई एफिलिएशन नंबर पर स्कूल को सीबीएसई का बताकर पालकों को गुमराह करने वाले दो स्कूलों की जांच की।

सरस्वती नगर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल और मयूर टॉकीज रोड स्थित किड्स क्लाउड स्कूल में पहुंचकर टीमों ने मान्यता और अन्य दस्तावेजों की जांच की। इसके अलावा जिले के हट्टा के विक्रम हायर सेकेंडरी स्कूल की जांच नायब तहसीलदार कर रहे हैं। तहसीलदार भूपेन्द्र अहिरवार ने



स्कूल संचालकों के साथ स्कूल का पूरा निरीक्षण किया।

गौरतलब है कि उक्त स्कूलों पर एमपी बोर्ड की मान्यता होने के बावजूद स्वयं को सीबीएसई स्कूल बताकर पालकों को गुमराह करने का आरोप हैं। दरअसल, इन स्कूलों से 8वीं पासआउट बच्चे, जब शासन के सीएम राइज स्कूल में नवमी कक्षा में प्रवेश लेने पहुंचे तो प्रवेश के दौरान, एमपी बोर्ड की मान्यता अनुरूप स्कूलों की अंकसूची और अन्य दस्तावेज, बच्चे उपलब्ध नहीं करवा सके। जिसके बाद जानकारी लेने पर यह पता चला कि जिस किड्स क्लाउड और दिल्ली पब्लिक किड्स स्कूल के यह बच्चे हैं, उन्होंने एमपी बोर्ड की मान्यता के बावजूद नियमानुसार बोर्ड परीक्षा नहीं कराई और अन्य सीबीएसई स्कूल के एफ्लीलेशन नंबर का अपने स्कूल के बोर्ड में उपयोग कर पालकों को गुमराह कर रहे हैं।

मामला सार्वजनिक होने पर प्रशासन ने इस गंभीरता से लेकर एसडीएम के नेतृत्व में जांच समिति गठित करके तीन दिनों में रिपोर्ट मांगी है।

**इनका कहना हैं**

स्कूलों की जांच एसडीएम के नेतृत्व में गठित जांच समिति कर रही है। जांच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ी तो मान्यता भी रद्द की जाएगी।

**डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, कलेक्टर**

किड्स क्लाउड स्कूल की जांच हो गई है। अभी दिल्ली पब्लिक किड्स स्कूल की जांच चल रही। मान्यता और अन्य संबंधित दस्तावेज के अलावा स्कूल की व्यवस्था को भी देखा जा रहा है।

**भूपेंद्र अहिरवार, तहसीलदार**

# अमानक बीज मामले में कृषि विभाग ने की कार्यवाही

### 4 बीज विक्रय केन्द्रों के संचालकों एवं कम्पनियों को किया नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन एवं कृषि उप संचालक राजेश कुमार खोबरागडे के निर्देशन में कृषि विभाग द्वारा सघन अभियान चलाकर बीज विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खरीफ सीजन में 330 बीज के नमूनें लेकर प्रयोगशाला भेजे गये थें। जिसमें से 175 नमूनों के परिणाम शुक्रवार को प्राप्त हुये। जिसमें 04 बीज उत्पादन कॅम्पनियों के नमूनें अमानक पाये गये है। जिसमें कार्यवाही करते हुये लालाजी ट्रेडर्स चारटोला मलाजखंड से श्रीराम बायो सीड्स प्रा.लि. का धान बीज किस्म-सीता, जय किसान कृषि केन्द्र सिरपुर से कोहीनुर सीड्स प्रा.लि. का धान बीज किस्म सरोजनी, राजलक्ष्मी कृषि केन्द्र लालबर्रा से नरहरी एग्री प्रा.लि. का धान बीज किस्म-योध्दा तथा किसान विकास केन्द्र मानपुर लालबर्रा राशि सीड्स प्रा.लि. का धान बीज किस्म-राशीहीरा अमानक पाया गया है। जिस पर कार्यवाही करते हुये 04 कम्पनियों के धान की किस्मों को तत्काल प्रभाव से जिले में क्रय विक्रय तथा परिवहन पर प्रतिबंध लगाया गया है। वहीं सभी 04 बीज विक्रय केन्द्रो के संचालकों एवं कम्पनियों को नोटिस जारी कर अमानक के संबंध में स्पष्टीकरण मंगवाया गया है।

### जन्म-मृत्यु पंजीयन के नवीन पोर्टल पर दिया गया प्रशिक्षण

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुकवार को जन्म-मृत्यु पंजीयन के संबंध में जन्म-मृत्यु संशोधन अधिनियम 2023 व नवीन पोर्टल विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बालाघाट के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला योजना अधिकारी, जिला रजिस्ट्रार बलवंत सिंह राहंगडाले ने नवीन पोर्टल में जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्य में आने वाली कठिनाईयों के संबंध में अवगत कराया गया।

## रोमेश सोनवाने शासकीय जटाशंकर महाविद्यालय के सांसद प्रतिनिधि नियुक्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट-सिवनी लोकसभा की सांसद भारती पारधी ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी रोमेश सोनवाने को शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी महाविद्यालय बालाघाट का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उनके सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर पूर्व राज्यमंत्री व भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सोहागपुरे, नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे, योगराज टेंभरे,प्रसन्न काकरिया, संकेत सुराणा, धीरज सुराणा, मोहित राणा, पंकज कुर्वे, शेखर गौली, विजय धामड़े, शिकेंद्र बाजनघाटे सहित भाजपा जिला एवं नगर के पदाधकारी, कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व मे रोमेश सोनवाने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक,सह संयोजक कई दायित्व मे और भाजपा युवा मोर्चा में कई पदों पर रह चुके हैं। इस नियुक्ति को लेकर महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं में युवा प्रतिनिधित्व मिलने को लेकर हर्ष व्याप्त है। रोमेश ने कहा कि छात्र हित को लेकर महाविद्यालय के विकास और छात्र हित में सदैव उपलब्ध रहने की कोशिश करूंगा। इसके अलावा महाविद्यालय में कई तरह की समस्याओं से छात्रों को जुझना पड़ता है उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने सांसद भारती पारधी के द्वारा उन्हें पीजी कालेज का सांसद प्रतिनिधि नियुक्ति किये जाने पर धन्यवाद आभार प्रेषित किया है।



## भाजपा युवा मोर्चा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को दी गति



नगर के वार्डो में जाकर किया जा रहा पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

नगर मुख्यालय के सभी वार्डो में भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी पहुंच रहे है और पौधारोपण कर रहे है। गौरतलब हो कि भाजयुमों नगर मंडल के पदाधिकारियों के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान को गति प्रदान की है जिसके अंतर्गत आज दिनांक तक दर्जनों पौधा लगाए है और सिर्फ लगाने का रही उसकी देखभाल करने का भी संकल्प लिया गया है।

पेड़ लगाना है आसान, देखभाल करना मुश्किलः जैनेन्द्र कटरे

भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे ने जानकारी देते हुए कहा है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत नगर के सभी वार्डो में पौधा लगाया जा रहा है और उसकी देखभाल करने के लिए सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। क्योंकि अक्सर देखने को मिलता है कि पौधा तो कोई भी लगा देता है लेकिन उसकी देखभाल नहीं करने से वह मर जाता है, इसलिए तो कहते है पेड़ लगाना आसान है लेकिन उसकी देखभाल करना मुश्किल है, इसलिए सभी पदाधिकारियों ने पेड़ की सुरक्षा और देखभाल का संकल्प लिया है।

अभियान के तहत भाजयुमो नगर मंडल बालाघाट ने वार्ड नं 25 मे स्थित कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय के परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, पार्षदगण वकील वाधवा, कमलेश पांचे, उज्वल आमाडारे, राजेश लिल्हारे, भाजपा जिला महामंत्री मौसम हरिनखेडे, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्रीमती गौरी लिल्हारे, जिला उपाध्यक्ष संजय खंडेलवार, भाजपा नगर अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र सोहगपुरे, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष हेमा वाधवानी, नगर अध्यक्ष सारिका बिसेन, गणेश अग्रवाल, पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेन्द्र भारद्वाज, योगराज टेंभरे, प्रसन्न अवधिया, अमन गांधी, मोहित राणा, अखिलेश चौरे, जितेंद्र राजपूत, संतोष सिंगारे, संजू वराडे, दीपक लिल्हारे, सिद्धार्थ, वाजपेई, सोनू कसार, हिमांशु चौकसे, रंजीत गोयल, नितिन नगपुरे, राजेश राउत, जय गोस्वामी, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जाँच दल के आश्वासन के बाद उपसरपंच ने किया अनशन समाप्त

### पानगांव में निर्माण कार्यो में अनियमितता की जांच को लेकर भूख हड़ताल पर बैठी थी कंचन बहेकार

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

जनपद पंचायत किरनापुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पानगांव में 05 जुलाई सुबह 10 बजे से ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यो में की गई अनियमितताओं जिनमें मुख्यतः 08 बिंदु शामिल थे, की निष्पक्ष जाँच को लेकर ग्राम की ही उपसरपंच श्रीमती कंचन बहेकार पंचायत परिसर में ही भूख हड़ताल पर बैठ गई थी। अपनी 8 सूत्रीय मांगों के साथ-साथ श्रीमती बहेकार का यह भी कहना है की ग्राम पंचायत पानगांव से सचिव और जीआरएस को तत्काल हटाया जाए ताकि ग्राम विकास में भ्रष्टाचार का दीमक न लग सके। वहीं पानगांव पंचायत में उपसरपंच द्वारा किये जा रहे अनशन जानकारी मनीष शेंडे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत किरनापुर को लगने पर उन्होंने मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत एक तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई जिसमे बी.एस. सैयाम पीसीओ जनपद पंचायत किरनापुर, डी.पी.मिश्रा एडीओ जनपद पंचायत किरनापुर, जी.आर. कटरे पंचायत खण्ड अधिकारी जनपद पंचायत किरनापुर शामिल थे। जो आज दोपहर 03 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पानगांव पहुँचे और उक्त बिन्दुओ की जाँच को लेकर उक्त निर्माण कार्यो की फ ाइलों को एक आलमारी में सील करते हुए आगामी 8 जुलाई सोमवार से जाँच करने का आश्वासन दिया अनशनकारी उपसरपंच श्रीमती कंचन बहेकार को दिया। जिसके बाद अधिकारियों से मिले आश्वासन पर उपसरपंच ने भी समझदारी का परिचय देते हुए अपना अनशन समाप्त करने की बात कही। जिस पर जाँच दल के अधिकारियों ने उन्हें जूस पिलाकर उनकी भूख हड़ताल खत्म की है और उन्हें आश्वस्त किया है कि उक्त बिन्दुओ पर निष्पक्ष जाँच की जाएगी।



**इनका कहना है**

पिछले 02 सालो से ग्राम पंचायत पानगांव में किए गए निर्माण कार्यो में सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक द्वारा भारी अनियमितता की गई है जिसकी निष्पक्ष जाँच को लेकर मैं 5 जुलाई को सुबह 10 बजे से भूखहड़ताल पर बैठी हूँ जिसको लेकर जनपद पंचायत किरनापुर के अधिकारी आए और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है, जिन्होंने उक्त निर्माण कार्यो की फाइल को आलमारी में सील कर दिया है, और सोमवार से जाँच करने की बात कहते हुए भूख हड़ताल समाप्त करने की मांग की है। मैं भी उनके इस आश्वासन पर भरोसा करते हुए अपनी भूख हड़ताल समाप्त कर दी है लेकिन यदि सोमवार से निष्पक्ष जाँच नही की गई तो मैं फि र से भूख हड़ताल पर बैठ जाउंगी।

**कंचन बहेकार, उपसरपंच**
**ग्राम पंचायत पानगांव**

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**बालाघाट।** बालाघाट जिले के बहेला थाना क्षेत्र में एक युवक की ट्रक की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा गुरुवार सुबह करीब 9 बजे हुआ। घटना की जानकारी के बाद बहेला थाना प्रभारी मदन इवने अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार वारी निवासी युवराज पिता दुलीचंद मरठे (35) और बसंत पिता बलिराम मातरे (20) अपनी बाइक (एमपी50एमसी4046) से गांव के टेकरी की ओर गए थे। जहां से वापस लौटते समय रायपुर की ओर जा रहे ट्रक (एमपी28एच1871) ने बेकाबू होकर बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।

### कटंगी मार्ग पर सडक़ किनारे शासकीय भूमि पर भूमाफियाओं का कब्जा

# सड़क की शासकीय भूमि पर नपा ने दे दिया प्रधानमंत्री आवास का लाभ

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



पिछले कई वर्षो से नगर में भूमाफियाओं द्वारा शासकीय व निजी भूमि पर अतिक्रमण करने का कार्य किया जा रहा हैं। जिस पर किसी भी प्रकार की लगाम लगाने में नगरपालिका व प्रशासन पूरी तरह से असफल सिद्ध हो रहा हैं। यहॉ तक की नगरपालिका परिषद द्वारा तो शासकीय व दूसरों की निजी भूमियों पर अनेंक लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दे दिया गया हैं और उस पर नागरिकों ने पक्के मकान बना लिए हैं।

**लोक निर्माण व नजूल विभाग की भूमि पर हो रहे पक्के व कच्चेः** वर्तमान समय में कटंगी मार्ग पर स्थित टोड्या नाले के पहले लोक निर्माण विभाग व नजूल की शासकीय भूमि पर कई लोगों द्वारा अवैध रुप से कब्जा कर लिया गया हैं। इस खाली भूमि पर पहले एक हनुमान मंदिर का निर्माण वर्षो पूर्व किया गया था। उसके बाद एक मकान का निर्माण किया गया। अब उसके बाद की खाली भूमि पर कुछ लोगों को नगरपालिका परिषद द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि स्वीकृत कर दी गई, जिससे उनके द्वारा शासकीय भूमि पर बिना पट्टे के मकान बना लिए गए हैं।

**अधिकारियों द्वारा नहीं दिया जा रहा ध्यानः** इसके बाद अब कुछ महीनों पूर्व से कटंगी सडक़ मार्ग पर टोडय़ा नाले तक जाने वाली मुख्य सडक़ से लगकर पड़ी हुई खाली भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर कच्चे पक्के निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। जिसकी ओर ना तो लोक निर्माण विभाग, ना ही एसडीएम कार्यालय के अधिकारियों का ध्यान हैं और ना ही नगरपालिका परिषद के अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं हैं।

**अवैध निर्माण की हो रही खरीदी-बिक्रीः** इतना ही नहीं जिन लोगों द्वारा यहॉ पर अवैध रुप से कब्जा कर निर्माण किया जा रहा हैं, वह लोग निर्माण कार्य करने के बाद उसकी बिक्री भी कर रहे हैं। जबकि वहॉ की पूरी भूमि शासकीय हैं। जिस पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करना या खरीदी-बिक्री करना कानूनन अपराध हैं। किंतु अधिकारियों-कर्मचारियों की सेटिंग के कारण यह कार्य निर्बाध गति से चल रहा हैं।

इस अवैध कब्जे व निर्माण कार्यो को लेकर नगरपालिका परिषद वारासिवनी के पूर्व पार्षद सुनील पिपरेवार ने 4 जुलाई 24 को लिखित शिकायत एसडीएम वारासिवनी व नगरपालिका परिषद वारासिवनी को की हैं। इस शिकायत में उन्होंने उल्लेख किया हैं कि वार्ड नं. 7 में नगर का एकमात्र मोक्षधाम स्थित हैं। जिसको वर्तमान में जनसहयोग से बेहतरीन रुप दिया गया हैं। इस मोक्षधाम के बाजू में कटंगी रोड पर टोडया नाला के पहले शासकीय भूमि पर ऐसे लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा हैं, जो ना ही आवासहीन हैं और ना ही इस वार्ड के निवासी हैं।

## एक पेड़ मां के नाम और अंतराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर वृहद पौधारोपण आज



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट मुख्यालय सहित शाखाओं, सहकारी समिति राशन दुकानों के कर्मचारियों द्वारा 6 जुलाई को वृहद स्तर पर एक पेड़ मां के नाम और अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया जाएगा। कलेक्टर व बैंक प्रशासक डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए बैंक सीईओ आर.सी. पटले ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस और एक पेड़ मां के नाम पर दिनांक 06.07.2024 को वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान पीपल, बरगद, मुनगा, जुही, बांस, एरिकापॉम, नीम आदि पौधों का अधिकाधिक रोपण करने आवश्यक तैयारियां किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

श्री पटले ने बताया कि दिनांक 06.07.2024 को समय 11 बजे शाखा, समिति स्तर पर आयोजित वृक्षारोपण अंतर्गत शाखा प्रबन्धक अपने स्तर से समितिवार संख्या की इकजाई की जानकारी तथा फोटो व्हाट्सएप पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएंगे साथ ही मेरी लाइफ एप में फोटो डाउनलोड करेगे तथा पौधों के संरक्षण की व्यवस्था को लेकर विशेष ध्यान रखेंगे। श्री पटले ने बताया कि सहकारिता से जुड़े प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी एक एक पौधा लगाएंगे।

**एक दिवसीय सीएससी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन**

### समिति के लिए लाइफ लाइन है सीएससीः सीईओ पटले

5 जुलाई को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट मुख्यालय सभागार में पैक्स सेवायुक्तों के लिए एक दिवसीय सीएससी कॉमन सर्विस सेंटर विषय को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर व बैंक प्रशासक डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में जिले के 50 पैक्स समितियों के डाटा आपरेटरो को प्रारंभ में बैंक सीईओ आर.सी. पटले द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि कामन सर्विस सेंटर पैक्स समितियों के लिए लाइफ लाइन है इसके माध्यम से समिति को सुदृढ़ता की ओर अग्रसर करना है और ग्राम के जनमानस को कंप्यूटर आनलाइन कार्य के लिए सुविधानुसार दूसरी जगह जाना पड़ता था अब वे समिति में ही इस कार्य को करवा पाएंगे। इस कार्य को मूर्त रूप देने के लिए समिति कर्मचारी कारगर साबित होंगे। इस कार्यशाला में उपस्थित डाटा आपरेटरो को सत्येंद्र बिसेन जिला समन्वयक ने सीएससी को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया। इस अवसर पर पी. जोशी प्रबंधक लेखा, राजेश नागपुरे फील्ड अधिकारी, रौनक चौकसे मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

## विधायक मधु भगत के जीजाजी श्री राणा का आकस्मिक निधन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत की बड़ी बहन एवं महिला कांग्रेस की पदाधिकारी श्रीमती अल्पना पम्मी राणा के पति मिलनसार व्यक्तित्व के धनी युवराज सिंह राणा का शुक्रवार को उनके गृह निवास सिवनी में सुबह हृदयाघात से निधन हो गया। श्री राणा मूलतः ग्राम डोंगरिया रामपायली के मूल निवासी होने के साथ लंबे समय से वह सिवनी जिला मुख्यालय में भारत रत्न हायर सेकेण्डरी स्कूल के संचालक के रूप में कार्य कर रहे थे। जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को शाम 4 बजे सिवनी में किया गया। यह दुखद समाचार लगते ही विधायक भगत विधानसभा की कार्यवाही छोडकर सिवनी पहुंचे। श्री राणा के आकस्मिक निधन पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विधायक संजय उइके, विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, विधायक विक्की पटेल पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत, पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, पूर्व विधायक सुश्री हीना कावरे, पूर्व विधायक श्री अर्जुन काकोडिया,श्रीमती पुष्पा बिसेन ,जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सारस्वर जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना के साथ कांग्रेस पार्टी के अनेक नेताओं, कांग्रेस संगठन पदाधिकारी एवं पंवार राम मंदिर ट्रस्ट कार्यकारिणी बैहर की ओर से भी श्री राणा को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये।



